Shortage of Doctors and Paramedical Staff

***14/17/251 Ch. Aftab Ahmed (Nuh):** Will the Medical Education and Research Minister be pleased to state:-

a) whether it is a fact that due to lack of facilities, shortage of Senior Doctors, Doctors, and Para Medical Staff etc., the SHKM Medical College, Nalhar, Nuh is unable to provide the health services to the people; if so, the steps taken by the Government to overcome this problem;

b) the reasons for which the special medical area allowance which was given earlier to the Junior Residents/Senior Residents Doctors, has been withdrawn by the Government;

c) the reasons for which the facilities of ultrasound, laboratory investigations and medicines required for treatment are not being provided at the Medical College?

Reply

Anil Vij, Medical Education Minister, Haryana.

a) No Sir.

b) Government vide order dated 11.05.2023 has granted Mewat Area Allowance @ 10% of basic pay + dearness allowance to all regular employees (except to those who have been transferred/deputed or directly recruited in home district Nuh) working at Shaheed Hasan Khan Mewati Government Medical College, Nalhar, Nuh and the same is being given since 01.04.2023. Junior Residents/Senior Residents are tenure posts and are not covered under regular employees.

c) Radiographic, Laboratory investigations including Pathological, Biochemical and Microbial investigations and special lab services including- Respiratory lab, Pulmonary Lab, Neurophysiology lab are being provided by SHKM GMC to the patients. Free medicines are provided to all the patients under Mukhya Mantri Muft Ilaz Yojana. Further, the institute also has a Jan Aushadhi Store for disbursal of Generic Medicines to the patients

डाक्टरों और पैरा मैडिकल स्टाफ की कमी

तारांकित प्रश्न–

14/17/251 चौधरी अफताब अहमद (नूंह): क्या चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:–

क) क्या यह सच है कि सुविधाओं की कमी, वरिष्ठ डाक्टरों, डाक्टरों और पैरा मैडिकल स्टाफ आदि की कमी के कारण, एस0एच0के0एम0 मैडिकल कालेज, नल्हड नूंह, लोगो को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में असमर्थ है, यदि हां, तो इस समस्या से निपटने के लिये सरकार द्वारा क्या कदम उठाये गये हैं।

ख) किन कारणों से विशेष चिकित्सा क्षेत्र भता जो पहले जूनियर रेजिडेंटस/सीनियर रेजिडेंटस डाक्टरों को दिया जाता था, सरकार द्वारा वापस ले लिया गया हैं।

ग) किन कारणों से मैडिकल कालेज में अल्ट्रासाउंड, प्रयोगशाला जाच और इलाज के लिये आवश्यक दवाओं की सुविधाएं उपलब्ध नहीं कराई जा रही है।

उतर:

अनिल विज, चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री:

क) नहीं श्रीमान जी,

ख) सरकार के आदेश दिनांक 11.05.2023 के तहत शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह के सभी नियमित कर्मचारियों (उन लोगो को छोडकर जिन्हें गृह जिलें नूंह में स्थानान्तरित/प्रतिनियुक्त या सीधे भर्ती किया गया हैं) को मूल वेतन का 10% + महंगाई भता की दर से मेवात क्षेत्र भता दिनांक 01.04.2023 से प्रदान किया जा रहा हैं। जूनियर रेजिडेंटस/सीनियर रेजिडेंटस (कार्यकाल के पद/Tenure posts) है और नियमित कर्मचारियों के अंतर्गत नहीं आते हैं।

ग) शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हड, नूंह द्वारा मरीजों को रेडियोग्रफिक, पैथोलोजिकल, बायोकेमिकल और माइक्रोबियल जांच सहित प्रयोगशाला जांच और श्वसन प्रयोगशाला,पल्मोनरी लैब, न्यूरोफिजियोलोजी लैब सहित विशेष प्रयोगशाला सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री मुफ्त इलाज योजना के तहत सभी मरीजों को मुफ्त दवायें उपलब्ध करवाई जाती हैं। इसके अलावा, संस्थान के पास मरीजों को जेनेरिक दवाएं वितरित करने के लिये जन औषधि स्टोर भी हैं।